उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

आयोग भवन, हरिद्वार– 249404

Email ID : soexamtwo2@gmail.com

संख्या : 77 / 60 / 01 / डी0आर0(मा0शि0) / सेवा–1 / 2016–17 दिनांक : 03 जून, 2019

विज्ञप्ति

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या : 428–430 / 2019 में दिनांक 06 मई, 2019 को दिये गये आदेश के अनुपालन में 'उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग–समूह 'ग') सेवा (सामान्य शाखा तथा महिला शाखा) परीक्षा–2018' हेतु विज्ञापित विज्ञापन संख्याः A-1/S-1/2018 दिनांक 04 सितम्बर, 2018 के अन्तर्गत **प्रवक्ता–गणित (सामान्य शाखा)** पद के सापेक्ष स्क्रीनिंग परीक्षा परिणाम दिनांक 11 फरवरी, 2019 में सफल घोषित अभ्यर्थियों में से अर्ह अभ्यर्थियों का साक्षात्कार **दिनांक 14 जून, 2019 (शुक्रवार) एवं 15 जून, 2019 (शनिवार)** को निर्धारित किया गया है। अर्ह अभ्यर्थी, अनुक्रमांकवार साक्षात्कार कार्यक्रम, साक्षात्कार ज्ञाप व अन्य प्रपत्र आयोग की वेबसाइट **www.ukpsc.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। अर्ह अभ्यर्थियो को पृथक से डाक द्वारा साक्षात्कार ज्ञाप प्रेषित नही किये जायेंगे।

ऐसे अभ्यर्थी जिनसे कतिपय अभिलेख वांछित हैं, की सूची आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित की गयी है। उक्त अभ्यर्थियों द्वारा **दिनांक 12 जून, 2019 (बुधवार सायं 06.00 बजे)** तक वांछित अभिलेख सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार के कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

प्रश्नगत चयन में अनर्ह अभ्यर्थी की सूची भी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उक्त अभ्यर्थी अपनी अनर्हता के सापेक्ष प्रत्यावेदन साक्ष्य सहित सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार के कार्यालय में **दिनांक 12 जून, 2019 (बुधवार सायं 06.00 बजे)** तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त प्रत्यावेदनों / वांछित अभिलेखों पर विचार नहीं किया जायेगा।

Sd-

(राजेन्द्र कुमार)

सचिव।